603

September/
October 2013

# First Year Higher Secondary Improvement Examination
## Part – II
## HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : $2^1/_2$ Hours
Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of $2^1/_2$ hrs.
- You are not allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Read questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except non programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**भावग्रहण**

निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

विजन-वन-वल्लरी पर
सोती थी सुहागभरी –
स्नेह-स्वप्न-मग्न – अमल-कोमल-तनु-तरुणी
जुही की कली,
दृग बंद किए, शिथिल, पत्रांक में
वासंती निशा थी;
विरह-विधुर प्रिया-संग छोड़
किसी दूर देश में था पवन
जिसे कहते हैं मलयानिल।

1. निम्नलिखित शब्दों का समानार्थी शब्द कवितांश से चुनकर लिखें। 2
लता, आँख।



P.T.O.

2. प्रकृति का मानवीकरण छायावाद की प्रमुख विशेषता है। उपर्युक्त कवितांश में किन-किन मानवीय चेष्टाओं का उल्लेख है ? **2**

3. 'जुही की कली' कविता की आस्वादन-टिप्पणी लिखें। **6**

**विश्लेषण**

निम्नलिखित खंड पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

ताजपुर एक छोटा-सा गाँव है। उस गाँव में बहुत-से किसान रहते थे। सब के अपने-अपने खेत थे। वे अकेले-अकेले खेती करते थे। लेकिन खेती उनके लिए लाभदायक नहीं रही। उन्हें गरीबी में जीवन बिताना पड़ा। आखिर उन्होंने खेती छोड़कर अन्य काम ढूँढ़ने का निश्चय किया। उसी गाँव में चमनलाल नाम का एक युवा किसान था। वह बड़ा बुद्धिमान था। उसने किसानों को एकत्रित किया और 'खेती-संघ' बनाया। फिर सारे खेतों को मिलाकर खेती करने का निश्चय किया। किसान संतुष्ट हुए। सब मिलकर कठिन परिश्रम करने लगे। उन्हें अच्छी फ़सल मिलने लगी। उनकी गरीबी दूर हुई। सब सुखपूर्वक जीवन बिताने लगे। ताजपुर भी देश का आदर्श गाँव बन गया। *(फ़सल – crop; आदर्श – ideal)*

4. ताजपुर के किसानों ने खेती छोड़ने का निश्चय क्यों किया ? **2**

5. मान लें, ताजपुर के खेती-संघ के बारे में अखबार में समाचार आया। वह समाचार कल्पना करके लिखें। **6**

6. पड़ोसी गाँव के किसान ताजपुर के खेती-संघ से प्रभावित हुए। उनमें से एक किसान चमनलाल से मिलने आया। चमनलाल और उस किसान के बीच हुए वार्तालाप कल्पना करके लिखें। **5**

**भाषांतरण**

निम्नलिखित खंड का हिंदी में अनुवाद करें। **6**

7. Rabindranath Tagore is a great writer. He was born in Kolkata. His father Devendranath Tagore was a leader of Brahma Samaj. His mother was Sarada Devi. Rabindra had his primary education at home. He had an aptitude for poetry from childhood.

*(primary education – प्राथमिक शिक्षा, aptitude – रुचि)*

**विश्लेषण**

8. 'गुरु ज्ञान का प्रकाश देनेवाले हैं। उनकी महिमा अपार है।' निम्नलिखित दोहे का विश्लेषण करके इसपर लघु खंड लिखें। **5**

सब धरती कागद करूँ, लेखनि सब बनराय।
सात समुँद की मसि करूँ, गुरु गुन लिखा न जाय।।

सूचना : प्रश्न 9 और **10** में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखें। **(1×6=6)**

9. चेन्नई के फैशन फिट चप्पल कंपनी ने पैरों के लिए आरामदेह और हर मौसम के लिए उपयोगी चप्पलें बनाई हैं। इन चप्पलों का विज्ञापन कर तैयार करें।

*(आरामदेह – comfortable)*

10. निम्नलिखित संवाद के अनुरूप रंग-सज्जा तैयार करें।

| | | |
|---|---|---|
| नेहा | : | हाय मम्मी... |
| मम्मी | : | आ गई तुम... |
| नेहा | : | एकदम चुस्त... तंदुरुस्त... |
| मम्मी | : | ट्रेन आज लेट थी ? |
| नेहा | : | नहीं मम्मी... वो क्या था के... |
| मम्मी | : | झूठ मत बोलना... |

(**सहायक बिंदु** : पात्रों की वेश-भूषा, आयु, बातचीत का स्थान, फर्नीचर आदि)

**भावग्रहण**

निम्नलिखित कविता पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पानी की एक बूँद टपकी, टप !
बेचारी अकेली बूँद,
पक्षी आया, उसे पी गया।
हवा आई, उसे उड़ा ले गई,
आँगन की माटी ने उसे सुखा दिया।

फिर एक साथ गिरी दूसरी, तीसरी, चौथी बूँद,
बूँद-बूँद करके तालाब भर गया,
करोड़ों बूँदें एक साथ होकर लहराईं
उनमें सागर की-सी शक्ति आई
पक्षी उसे पी न सका,
हवा उड़ा न सकी,
आँगन की माटी सुखा न सकी।

*(बूँद – a drop; टपकना – to drop, പെട്ടെന്ന് താഴേക്ക് വീഴുക; माटी-मिट्टी; सुखाना – to make dry, ഉണക്കുക)*

11. कविता के लिए उचित शीर्षक लिखें। 1

12. अकेली बूँद की क्या अवस्था हुई ? 3

13. कविता का भाव अपने शब्दों में लिखें। 6

**विश्लेषण**

निम्नलिखित अंश पढ़कर **14** से **17** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दो-तीन घायलों में किसी ने पानी न पिया, पर पहले दो अपने नाम अमर करके चले गए। इतिहास के पन्नों में ऐसे निर्मल त्याग के दृष्टांत तो बहुतेरे मिलते हैं। उनका वर्णन ज़ोरदार कलम से किया गया हो तो उसे पढ़कर हम दो बूँद आँसू भी गिरा देते हैं। पर ऊपर जो अद्‌भुत दृष्टांत लिखा गया है उसके देने का हेतु तो यह है कि उक्त वीर पुरुषों जैसा त्याग हम में भी आए और जब हमारी परीक्षा का समय आए, तब दूसरों को पानी पिलाकर पिए और दूसरों को जिलाने में खुद मरना पड़े तो हँसते चेहरे से कूच कर जाएँ।

14. यह किस शैली की रचना है ? **1**
(कहानी, निबंध, उपन्यास, एकाँकी)

15. 'आधुनिक मनुष्य में ऐसा निर्मल त्याग नहीं मिलेगा।' क्या आप इससे सहमत हैं ? अपने विचार लिखें। **2**

16. घायल सैनिकों के त्याग के संबंध में अरब सैनिक ने अपनी डायरी में लिखा। उनकी डायरी का वह अंश कल्पना करके लिखें। **5**

17. उपर्युक्त खंड का एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण करके लिखें। **6**

**सूचना : 18 से 20** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखें। **(2×8=16)**

18. मान लें, आप नवनीत हैं और *नेस्ट,* प्रताप नगर, कोचिन में रहते हैं। 'जनमत' समाचार-पत्र के मुख्य संपादक को पत्र लिखें जिसमें सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव हों।

*(सड़क दुर्घटना – road accident; रोकना – to prevent; सुझाव – suggestions)*

19. बिंदुओं को विकसित करके निबंध लिखें।
भ्रष्टाचार –समाज का शाप –भ्रष्टाचार के विविध रूप –भ्रष्टाचार के कारण – भ्रष्टाचार से मुक्ति – सरकार के कार्य – 'सूचना का अधिकार अधिनियम' – लोकपाल बिल –

*(भ्रष्टाचार – corruption, അഴിമതി; सूचना का अधिकार अधिनियम – Right to Information Act, വിവരാവകാശ നിയമം)*

20. संकेतों के आधार पर कहानी लिखें।
एक हलवाई – मिठाइयाँ बनाना – मिठाई की सुगंध फैलना – गरीब भिखारी – रोज़ दुकान के पास बैठना – सुगंध का आनंद उठाना – हलवाई क्रुद्ध – सुगंध के लिए पैसा माँगना – भिखारी तैयार – सिक्के लेकर खनकाना – 'सुगंध के मूल्य के रूप में पैसों के खनकने की आवाज़ ले लेना –

*(हलवाई – a baker, सिक्के – coins, खनकाना – to cause to jingle, കിലുക്കുക)*

---